अर्थ के महत्व के कारण ही प्राचीन काल से ही मनुष्य अर्थ प्राप्ति के लिए प्रयास करता रहा है। प्राचीन काल में कृषि, पशुपालन व उद्योग अर्थोपार्जन के प्रमुख स्रोत थे। वैदिक काल में कंदमूल, फल तथा स्वत: उगा हुआ धान ही लोगों का भोजन होता था। धीरे–धीरे वैदिक आर्यों ने खेती करना प्रारंभ किया तथा पृथ्वी, इंद्र, पर्जन्य तथा सीता आदि देवताओं की कल्पना कर उनकी स्तुतियां करने लगे ।[9] महाभारत में महर्षि वेद व्यास ने धान और खानों से युक्त भूमि का विश्लेषण करते हुए बताया है कि खानों से कोष मात्र बढ़ता है परंतु धान्य से कोष्ठ व कोष्ठागार भरता है ।[10] इस प्रकार प्रारंभ से ही कृषि अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार रहा है, क्योंकि विभिन्न प्रकार के उद्योग व्यापार व शिल्प कलाओं के लिए कच्चे माल की आपूर्ति कृषि से ही संभव होती है। वैदिक काल में पशु पालन भी किया जाता था। ब्राह्मण ग्रंथों में 'गवय' नामक पशु का उल्लेख है, जो संभवत: बैल की भांति होता था ।[11] रामायण और महाभारत में भी अनेकश: गोपालन व गोदान का उल्लेख मिलता है। जिससे स्पष्ट होता है कि पशुपालन भी जीवन निर्वाह हेतु किया जाता था I क्योंकि पशुओं के द्वारा उनके भोजन, व्यवसाय, यातायात, युद्ध आदि कृत्य पर्याप्त रूप से प्रभावित होते थे I कृषि व पशुपालन के अतिरिक्त वाणिज्य–व्यापार प्राचीन अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार था। अथर्ववेद में दर्श (वस्त्र), पवस्त (चादर) और अजि (चर्म) के क्रय – विक्रय का उल्लेख है।[12] पुराणों में श्राद्ध पक्ष में रजत दान करना पवित्र माना गया है।[13] महाभारत काल में मिश्रित धातु का प्रयोग प्रारंभ हो गया था। मिश्रित धातुओं से कवच व अस्त्र–शस्त्र बनाए जाने लगे जो कि अभेद्य होते थे I[14] इससे स्पष्ट है कि प्राचीन काल में भारत में अनेक उद्योग–धंधों का विकास हो चुका था I इन सबके अतिरिक्त राज्य की आय का प्रमुख स्त्रोत 'कर' था। जो कि राजा को दिया जाता था। यह 'कर' विभिन्न रूपों में प्राप्त होता था I जैसे युद्ध में विजय होने पर प्राप्त संपत्ति, उद्योगों से होने वाली आय पर लगाया गया कर, दंड के रूप में प्राप्त धन, कृषि द्वारा उत्पन्न फसल पर लगाया गया कर आदि । राजा को प्राप्त होने वाली यह आय शास्त्र सम्मत व धर्म सम्मत मानी जाती थी और राजा इसे वेतन के रूप में स्वीकार करता था I[15] इस प्रकार प्राचीन काल में आय के विभिन्न स्रोत थे।

मारवाड़ के शिलालेखों में आर्थिक चिंतन – मारवाड़ से प्राप्त शिलालेखों से तत्कालीन आर्थिक स्थिति का अच्छा ज्ञान प्राप्त होता है। कृषि, पशुपालन तथा उद्योग धंधे आय का प्रमुख स्रोत होते थे। इनमें भी कृषि आर्थिक जीवन का प्रमुख आधार थी I प्राय: सभी वर्णों के लोग कृषि करते थे। भूमि के प्रकार तथा सिंचाई के साधनों के अनुसार राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में अलग–अलग प्रकार की फसलें होती थी । राजस्थान में मुख्य रूप से ज्वार, बाजरा, मोठ, जौ, गेहूं, चावल आदि फसलें उगाई

जाती थी लेकिन मारवाड़ क्षेत्र रेगिस्तानी प्रदेश होने के कारण यहां पर ज्वार, सरसों, जौ और बाजरा प्रमुख रूप से उगाए जाते थे I

शिलालेखों में सियालू (सर्दी) तथा उनालू (गर्मी) की फसलों का उल्लेख मिलता है तथा प्रत्येक अरघट से एक आढ़क गेहूं व जौ, मूंग, दाल आदि के प्रत्येक द्रोण पर एक माणक 'कर' दिए जाने का उल्लेख है।[16] सेवाड़ी अभिलेख में मंदिरों में दान हेतु विभिन्न गांवों से प्रत्येक रहट से एक हारक अर्थात एक डलिया के बराबर यव (जौ) प्रदान किए जाने का वर्णन है।[17] सांडेराव पाषाण लेख के अनुसार महावीर स्वामी के कल्याण महोत्सव हेतु श्री कल्हणदेव की माता ने राजकीय भोग से एक हाइल ज्वार प्रदान की । इसी उत्सव के लिए रथकार धनपाल आदि ने भी ज्वार का एक हाइल अर्पित किया। इससे ज्ञात होता है कि सार्वजनिक उत्सवों में सामान्य जनता भी दान दिया करती थी I[18] लालराई से प्राप्त अभिलेख में बाली तथा आसपास के गांवों से यव तथा अरहट से पैदावार का कुछ भाग गूजरी यात्रा निमित्त देने का उल्लेख है। इस लेख के अनुसार नाडोल के शासक कल्हणदेव तथा उनकी रानी श्री महिदेवी ने ग्राम पंचों के समक्ष रथ यात्रा उत्सव के निमित्त एक हारक यव प्रदान की।[19]

मारवाड़ में मंदिरों के रखरखाव व पुजारियों के जीवन यापन हेतु दान के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के कर दिए जाने का उल्लेख भी कई शिलालेखों में प्राप्त होता है। 996 ई. के हस्तीकुंडी अभिलेख से ज्ञात होता है कि वहां के शासक विदग्ध ने अपने गुरु वासुदेव की प्रेरणा से हस्तीकुंड में एक जैन देवालय का निर्माण करवाया तथा मंदिर की व्यवस्था के लिए अनेक प्रकार के कर निर्धारित किए। जैसे 20 बोझों पर, गाड़ी तथा ऊंट के भार पर तथा ऊंट पर ₹1 लिया जाता था। जुआरियों, पान बेचने वाले और तेल विक्रेताओं से एक 'कर्ष' वसूला जाता था। सिर पर उठाए जाने वाले एक बोझ की बिक्री पर एक 'विन्शपक' तथा सूती कपड़े, तांबा, केसर के भार पर 10 'पल' सरकारी कर लगाया गया था। इसके अतिरिक्त कुम्हारों के व्यवसाय पर भी कर लगाया जाता था।[20] गुहिल वंश के शासक राजदेव ने नेमीनाथ मंदिर की पूजा के निमित्त नारलाई में आने वाले लगे हुए वृषभों पर लिए जाने वाले कर का दशमांश निर्धारित किया ।[21] इसी प्रकार मारवाड़ के महाराजा जयसिंह के सामंत अश्वक द्वारा देवी के मंदिर में पूजा के निमित्त चार द्रम्म दिए गए तथा अन्य व्यक्तियों व अरहटों से भी एक-एक द्रम्म दिलाया गया ।[22]

मारवाड़ से प्राप्त अभिलेखों से ज्ञात होता है कि यहां पर मंदिरों व ब्राह्मणों को भूमि दान करने की प्रथा प्रचलित थी। अमृतपाल देव के जोधपुर से प्राप्त एक ताम्रपत्र वि.सं. 1242 में पुरोहित पाल्हा, ज्योतिषी यश देव, पंचकुल महिदिग, सेठ साहूकारों, ग्राम निवासियों तथा अमात्यों को भूमि दान की सूचना का उल्लेख है। सांडेराव अभिलेख में कुछ रथकारों द्वारा एक 'हल' भूमि का दान किया गया I दुर्लभराज चालुक्य के शासनकाल में तंत्रपाल क्षेमराज ने क्षत्रियपद ग्राम ब्राह्मण नाणक को दान में दिया था।[23]

वि.सं. 900 के प्रतिहार भोजदेव के दौलतपुरा ताम्र अभिलेख से विदित होता है कि वत्सराज ने 'सिव' ग्राम भट्ट वासुदेव को दान में दिया तथा इसकी सूचना सभी ग्रामवासियों तथा पड़ोस के गांव को भी दी गई और उन्हें आदेश दिया गया कि वह 'सिव' ग्राम का राजस्व दान पाने वालों को दें। इसी प्रकार जोधपुर से प्राप्त दानपत्र में परम भट्टारक महाराजाधिराज

श्री मूलराजदेव द्वारा अपने पूर्वजों के पुण्य और यश वृद्धि हेतु सांचौर मंडल के वर्णक ग्राम का दान वृक्षों, काष्ठ, तृण तथा जल पर अधिकार सहित दीर्घाचार्य ब्राह्मण को देने तथा इसकी सूचना ब्राह्मणों, राज पुरुषों तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों को देने का विवरण प्राप्त होता है।[24] नाडोल के महाराजाधिराज कलहणदेव ने वृक्षों सहित एक कुआं नारायण नामक ब्राह्मण को दान में दिया।[25]

इस प्रकार मारवाड़ में भूमि दान, अन्न दान तथा विभिन्न प्रकार के कर मंदिरों की आय का प्रमुख स्रोत होते थे। उनसे मंदिर संबंधी सभी व्यवस्थाएं कुशलतापूर्वक संचालित होती रहती थी। ब्राह्मण भी आजीविका हेतु प्राप्त दान से अपना जीवन यापन करते हुए कर्त्तव्यों का निर्वहन किया करते थे। इसी कारण मारवाड़ के अनेक अभिलेखों में कहा गया है कि जो दान की गई भूमि का हरण करता है या वस्तु को वापस लेता है तो वह गौ हत्या तथा ब्रह्म हत्या के समान पाप का भागी होता है तथा दान की अवहेलना करने वाला एक हज़ार गाय तथा सौ ब्रह्म हत्या के पाप का भागी होता है।[26]

मारवाड़ में पशुपालन भी आय का प्रमुख स्त्रोत था। पशुपालन से गांव में दूध, दही, घी, ऊन आदि का भी उत्पादन किया जाता था। पशुओं का उपयोग व्यापार हेतु माल लाने- लेजाने के लिए भी किया जाता था। पशुओं का क्रय-विक्रय भी किया जाता था। घोड़े के विक्रय पर एक द्रम्म शुल्क लिया जाता था।[27] नाडोल के सोमेश्वर मंदिर से प्राप्त 1141 ई. के लेख के अनुसार भाट उस समय घोड़ों का उपयोग माल ढुलाई के लिए करते थे साथ ही घोड़ों का व्यापार भी करते थे। जबकि बंजारे बैलों पर लाद कर सामान एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते थे। ओसियाँ के लेख से ज्ञात होता है राज भवनों में हाथी भी सुशोभित होते थे।

12 वीं शताब्दी के किराडू लेख में पशुवध निषेध की आज्ञा आल्हनदेव के द्वारा जारी की गई थी I माह की दोनों पक्षों की अष्टमी, एकादशी तथा चतुर्दशी को पशुवध निषेध कर दिया गया तथा सामान्य प्रजा के साथ-साथ पुरोहितों और सामंतों को भी इसके लिए पाबंद कर दिया गया I आज्ञा के उल्लंघन करने पर साधारण नागरिक पर पांच द्रम्म तथा राज परिवार पर एक द्रम्म दंड निर्धारित किया गया।[28] किराडू के इस लेख से तत्कालीन शासन व्यवस्था में मानवता, नैतिकता तथा पशुओं के प्रति दया का भाव दिखाई देता है। दंड व्यवस्था में राज परिवार से एक द्रम्म तथा साधारण प्रजा से पांच द्रम्म वसूलने की व्यवस्था से राज परिवार का विशेषाधिकार स्पष्ट होता है। 13वीं शताब्दी में बाड़मेर व्यापारिक केंद्र था। वहां से ऊँट, घोड़े, बैल आदि माल लेकर गुजरते थे। आदिनाथ मंदिर की व्यवस्था के लिए सभी महाजनों ने इन पर कर देना स्वीकार किया था।[29]

पशुपालन के अतिरिक्त अन्य उद्योग धंधे भी मारवाड़ में आय के प्रमुख स्त्रोत थे। मारवाड़ से प्राप्त अभिलेखों में अनेक स्थानों पर घाणक का उल्लेख है जिससे स्पष्ट होता है कि मारवाड़ में तेल का व्यापार किया जाता था। उदाहरणार्थ पाली के नारलाई के महावीर मंदिर का लेख 1130 ई. के अनुसार महावीर मंदिर के निमित्त घाणक तेल से चौहान पतरा के पुत्र बिसरा ने कलश के नाप का तेल अनुदान में दिया। नारलाई के ही 1132 ई. के चौहान रायपाल देव के अभिलेख में प्रति घाणक से दो पल्लीका तेल बाहर से आने वाले जैन संतों को दिए जाने का आदेश है तथा इसका उल्लंघन करने वाले के लिए गौ हत्या तथा ब्राह्मण हत्या का पाप बताया गया है। नमक का व्यापार भी मारवाड़ की आय का प्रमुख स्त्रोत थाI डीडवाना,

फलोदी, पचपदरा, सांभर आदि खारे पानी की झीलों से भारी मात्रा में बढ़िया किस्म का नमक उत्पादित होता था तथा नमक के प्रत्येक कूटक पर मंदिर के निमित्त एक विंशोपक दिया जाता था ।[30]

राजस्थान खनिजों का भंडार कहा जाता है I इस दृष्टि से मारवाड़ क्षेत्र भी खनिजों से समृद्ध क्षेत्र है। यहां नागौर में तांबे की बड़ी–बड़ी खाने हैं। एक अभिलेख में तांबे के भार पर 10 पल राजकीय कर लिए जाने का उल्लेख है जिससे इस क्षेत्र में तांबे के उत्पादन का ज्ञान होता है।[31] इसके अतिरिक्त जालौर और सोजत की खानों से जस्ते का उत्पादन भी किया जाता था। अभिलेखों में सूत, ऊन, स्वर्णाभूषणों के व्यापार तथा कपड़ा उद्योग का उल्लेख भी मिलता है I मारवाड़ में स्वर्ण आभूषणों का निर्माण प्रचुरता से होता थाI स्वर्णकार अत्यंत प्रवीण होते थे। कल्याणपुर सातवीं सदी तथा नवी सदी के घटियाला के अभिलेखों के उत्कीर्णक स्वर्णकार ही थे। घटियाला अभिलेख के अनुसार प्रतिहार शासक कक्कूक के शासन काल में घटियाला व्यापार व वाणिज्य का प्रमुख केंद्र था तथा यहां पर मरु, माड़, वल्ल, तमनी, अज्ज तथा गुर्जरत्रा के व्यापारी आकर बस गए थे।[32]

उद्योग धंधों के अतिरिक्त निर्माण कार्य भी आय का स्रोत होते थे। मारवाड़ रेगिस्तानी प्रदेश होते हुए भी यहां के शासकों ने बहुतायत में मंदिरों, दुर्गों, बावडियों इत्यादि का निर्माण करवाया जिससे जनता को रोजगार प्राप्त होता था। अभिलेखों के अनुसार मारवाड़ के नाडोल क्षेत्र के शासक आल्हनदेव ने नाडोल में शिवालय का निर्माण करवाया। कल्हण ने स्वर्ण तोरण द्वार बनवाकर ख्याति प्राप्त की। समर सिंह ने जालौर में गढ़ का निर्माण करवाया।[33] जोधपुर से 20 मील उत्तर में घटियाला गाँव के 861 ई के दो लेखों के अनुसार मंडोर के प्रतिहार शासकों ने मंडोर दुर्ग का ऊंचा प्रकार बनवाया। राजाओं और सामंतों की भांति सामान्य लोग भी सार्वजनिक निर्माण करवाने में रुचि लेते थे। मंडोर की एक बावड़ी से प्राप्त वि.सं. 742 के अभिलेख से ज्ञात होता है कि ब्राह्मण चाणक के पुत्र माधू ने इस बावड़ी का निर्माण करवाया था। नारलाई में भिवडेश्वर के मंदिर के मंडप का निर्माण सूत्रधार महुआ व उसकी पत्नी जसदेवी के पुत्र पाहिणी ने करवाया जिसमें पत्थरों व ईंटों का प्रयोग किया गया तथा 330 द्रम्मों का व्यय हुआ।[34] इससे शिल्पकार्य में होने वाले व्यय का ज्ञान होता है। किन्तु निर्माण कार्य करने वाले श्रमिकों को कितना पारिश्रमिक दिया जाता था यह अभिलेखों में वर्णित नहीं है I

अभिलेखों से नाप–तौल संबंधी सूचनाएं भी प्राप्त होती है। बीजापुर के वि.सं. 1053 के लेख से नाप–तौल हेतु पल, कर्ष, आढ़क, मानक, द्रोण, कलश, हाएल आदि विभिन्न मापों का ज्ञान होता है। मंडोर के केशव मंदिर को एक कर्ष तेल दिया जाता था। नारलाई में प्रत्येक घाणक से दो पल्लीका तेल बाहर से आने वाले जैन संतों को दिया जाता था।[35] ओसियां के सच्चियाय माता मंदिर में भोजक को पारिश्रमिक के रूप में देवी के कोषागार से प्रतिदिन दो अंजुल मूंग व एक कर्ष दिया जाता था I अभिलेखों से ज्ञात होता है कि वर्तमान की भांति उस समय में ब्याज पर ऋण भी दिया जाता था। ब्याज मुद्रा व वस्तु दोनों रूपों में लिया जाता था। भीनमाल से प्राप्त अभिलेख के अनुसार जगत स्वामी मंदिर के कोष्ठागार को 40 द्रम्म पर 12 द्रम्म वार्षिक ब्याज के रूप में मिलते थे। इससे ब्याज की दर 30% वार्षिक होना ज्ञात होती है। वि.सं. 1306 के भीनमाल में एक अन्य अभिलेख के अनुसार 40 द्रम्म के वार्षिक ब्याज के रूप में निम्न वस्तुएं प्राप्त होती थी– गेहूं 2 सेई, मूंग 1 मण, चोखा (चावल) दो पायली, घी साढ़े आठ कलश, पूजा सामग्री सात द्रम्म मूल्य की I उपयुक्त वस्तुओं के मूल्यों

के आधार पर दशरथ शर्मा ने साढे 33% की ब्याज तक की दर मानी है। जोकि मध्यकालीन मारवाड़ में ऊंची ब्याज दर को दर्शाता है।[36] इस प्रकार मारवाड़ के शिलालेखों के अध्ययन से तत्कालीन आर्थिक व्यवस्था के विभिन्न पक्षों यथा कृषि, व्यापार, वाणिज्य, उद्योग–धंधों, दान, कर, मुद्रा तथा निर्माण कार्यों के विषय में पर्याप्त जानकारी उपलब्ध होती है I

सन्दर्भ

1. ऋग्वेद 1.1.1
2. अथर्ववेद 12.16
3. ऋग्वेद 10.34.13
4. तैत्तिरीयोपनिषद 1.4
5. ईशावास्योपनिषद, प्रथम मंत्र
6. नारद स्मृति 1.39
7. वाल्मीकि रामायण 6.83.32
8. महाभारत, शांतिपर्व 120.45
9. ऋग्वेद 1.117.21
10. महाभारत, सभा पर्व 5.61
11. शतपथ ब्राह्मण 1.2.3.9
12. अथर्ववेद 4.7.6
13. विष्णु पुराण 3.15.52
14. महाभारत, द्रोणपर्व 94.39
15. वही,शांति पर्व 72.10
16. फलोदी से प्राप्त वि.सं. 1236 का अभिलेख
17. सेवाड़ी के महावीर मंदिर का 1090 ई. का अभिलेख
18. सांडेराव पाषाण लेख 1164
19. बाली के निकट लालराई के शांतिनाथ मंदिर का 1176 ई. शिलालेख
20. उदयपुर सिरोही मार्ग पर एक द्वार पर स्थित हस्तीकुंडी अभिलेख, शर्मा, गोपीनाथ, राजस्थान के इतिहास के स्त्रोत, पृष्ठ 68
21. नारलाई से प्राप्त 1138 ई. का अभिलेख
22. पाली जिले में 1143 ई.का बाली के बोला माता मंदिर का स्तंभ लेख

23. वि.सं. 1069 का जोधपुर ताम्रपत्र

24. वि.सं. 1051 का बालेरा, जोधपुर से प्राप्त दान पत्र

25. वि. सं. 1223 के जोधपुर, बाणनेरा से प्राप्त अभिलेख

26. पाली, नारलाई का लेख 1132 ई.

27. बाली का लेख 1143 ई.

28. किराडू का 1152 ई. का शिलालेख

29. जूना, बाड़मेर के आदिनाथ मंदिर का लेख 1295ई.

30. गोपीनाथ शर्मा, राजस्थान का इतिहास, पृ.494

31. वि.सं. 1053 का हस्ती कुंडी अभिलेख

32. शर्मा, गोपीनाथ, राजस्थान के इतिहास के स्त्रोत–भाग 1, पृ.57

33. जोधपुर के जसवंतपुरा गांव से 10 मील की दूरी पर स्थित सुंधा पर्वत का शिलालेख 1262 ई.

34. पाली के नारलाई में महावीर मंदिर का लेख 1171 ई.

35. व्यास, श्यामप्रसाद, राजस्थान के अभिलेखों का सांस्कृतिक अध्ययन, पृ.161

36. शर्मा, दशरथ, अली चौहान डायनेस्टी पृष्ठ 336–37

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2023 GISRRJ | Volume 6 | Issue 2 | ISSN : 2582-0095

आजमगढ़ क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय छोड़ने वाले छात्रों में योगदान करने वाले कारकों का अध्ययन

विनीता सिंह
शोधकर्ती, राजा श्री कृष्ण दत्त पीजी कॉलेज जौनपुर
डॉ. नीता सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र विभाग, राजा श्री कृष्ण दत्त पीजी कॉलेज जौनपुर

Article Info
Volume 6, Issue 2
Page Number : 24-35

Publication Issue :
March-April-2023

Article History
Accepted : 01 April 2023
Published : 10 April 2023

उद्देश्य

यह अध्ययन आजमगढ़ क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय छोड़ने वाले छात्रों में योगदान करने वाले कारकों पर जांच का एक सिंहावलोकन प्रदान करता है। जांच में मौजूदा शोध की समीक्षा, सर्वेक्षणों, साक्षात्कारों और फोकस समूहों के माध्यम से डेटा संग्रह, डेटा का विश्लेषण, कारकों की पहचान, सिफारिशों का विकास और सिफारिशों के कार्यान्वयन और निगरानी शामिल है। पहचाने गए कारकों में स्कूल के बुनियादी ढांचे, शिक्षक की गुणवत्ता, छात्र प्रेरणा और माता–पिता की भागीदारी से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। सिफारिशों का उद्देश्य आजमगढ़ के प्राथमिक विद्यालयों में इन मुद्दों को हल करना और छात्रों को बनाए रखने में सुधार करना है। आजमगढ़ क्षेत्र में छात्रों के शैक्षिक परिणामों में सुधार के लिए जांच नीति निर्माताओं, शिक्षकों और हितधारकों के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकती है।

परिचय

प्राथमिक शिक्षा बच्चों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आधार है। हालांकि, भारत में शिक्षा में महत्वपूर्ण निवेश के बावजूद, काफी संख्या में छात्र अपनी शिक्षा पूरी करने से पहले प्राथमिक विद्यालय छोड़ना जारी रखते हैं। आजमगढ़ क्षेत्र में, उत्तर प्रदेश राज्य का एक क्षेत्र, प्राथमिक स्कूल के छात्रों के बीच एक महत्वपूर्ण ड्रॉपआउट दर है। इस मुद्दे का छात्रों के शैक्षिक परिणामों और क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रभाव है।

इस जांच का उद्देश्य उन कारकों की पहचान करना है जो आजमगढ़ क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयों को छोड़ने वाले छात्रों में योगदान करते हैं। इन कारकों की पहचान करके, इस जांच का उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों में छात्र प्रतिधारण में सुधार और क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सिफारिशें विकसित करना है।

Copyright: © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

इस जांच में विषय पर मौजूदा शोध की समीक्षा, सर्वेक्षणों, साक्षात्कारों और फोकस समूहों के माध्यम से डेटा संग्रह, डेटा का विश्लेषण, कारकों की पहचान, सिफारिशों का विकास और सिफारिशों के कार्यान्वयन और निगरानी शामिल होगी।

यह जांच आवश्यक है क्योंकि यह आजमगढ़ क्षेत्र में छात्रों के शैक्षिक परिणामों को बेहतर बनाने के लिए नीति निर्माताओं, शिक्षकों और हितधारकों के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकती है। यह उन कारकों की व्यापक समझ में भी योगदान दे सकता है जो प्राथमिक विद्यालयों में छात्र छोड़ने की दर में योगदान करते हैं और भारत में शैक्षिक नीतियों और प्रथाओं को सूचित करते हैं।

प्रतिदर्श चयनः

किसी भी अध्ययन के नमूने का आकार जनसंख्या (जनसंख्या) का वह हिस्सा है जो पूरी आबादी की सभी विशेषताओं का स्पष्ट रूप से प्रतिनिधित्व करता है; इसलिए, नमूना जनसंख्या का एक सबसेट है। चयनित नमूने पूरी आबादी के प्रतिनिधि हैं। या नही, इसका भी परीक्षण करना आवश्यक होता है।

शोध में न्यादर्श चयन सबसे महत्वपूर्ण चरण है। व्यावहारिक और सामाजिक दोनों स्थितियों में नमूनाकरण बहुत महत्वपूर्ण है। इस शोध के बिना कार्य सिद्ध नहीं हो सकता। हालांकि सैम्पलिंग का प्रयोग वैज्ञानिक विषयों में किया जाता है। हालांकि, नमूना चयन के साथ कोई समस्या नहीं है। यह जनसंख्या को उसके शुद्धतम रूप में दर्शाता है, जनसंख्या का जो भी प्रतिशत सुलभ है। हालांकि, सामाजिक विषयों में एक नमूने के चयन में प्राथमिक चुनौती यह है कि नमूना की इकाइयों को उस आबादी से कैसे चुना जाए जो इसका प्रतिनिधित्व कर सकती है; पूरी आबादी की जांच करना असंभव नहीं तो मुश्किल है।। न्यादर्श प्रविधि से शोध कार्य को व्यवहारिक तथा समय, धन, शक्तिदृष्टि से मितव्ययी बनाया जा सकता है।

जब जनसंख्या में एक चर की इकाइयों में से एक (एक इकाई, वस्तुओं का संग्रह, या मनुष्य) को इसके सटीक मूल्य को निर्धारित करने के लिए चुना जाता है, तो जनसंख्या को नमूना कहा जाता है। नमूनाकरण एक आबादी में एक चर की कुछ इकाइयों को चुनने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है, साथ ही उन इकाइयों के सेट को भी चुना जाता है जिन्हें नमूना लेने के लिए चुना गया था।[६]

केवल जब नमूने में प्रतिनिधित्व और पर्याप्तता की विशेषताएं हों तो इसे पूर्ण होने का दावा किया जा सकता है।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत शोध–कार्य में न्यादर्श का चयन शोद्देश्य न्यादर्श काचयन एक विशेष लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किया गया और स्तरीकृत यादृक्षिक न्यादर्श जनसंख्या को किसी न किसी मानदण्ड के आधार पर वर्गों में विभक्त कर लेते हैं। यह विभक्त अनुमानित एवं अनुपातिक दोनों हो सकता है।

अध्ययन के प्रमुख चर

- ड्राप आउट
- जाति
- धर्म
- लिंग
- पैत्रिक आर्थिक स्थिति
- पैत्रिक शिक्षा
- क्षेत्र–शहरी ग्रामीण अर्थात टाउन ध्ग्रामीण
- विद्यालय

अध्ययन के लिए आजमगढ़ जिले के विभिन्न हिस्सों के प्राथमिक विद्यालयों को चुना गया था। प्राथमिक विद्यालयों की संख्या अधिक होने के कारण लॉटरी द्वारा विद्यालयों का चयन किया गया।

प्राथमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों की कठिनाइयों के अध्ययन के भाग के रूप में आजमगढ़ जिले को छोड़कर विभिन्न प्रकार के माध्यमिक विद्यालयों, सरकारी और गैर–सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को शोध के लिए चुना गया है।

बूढ़नपुर तहसील के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्ड (ब्लाक)

1- अतरौलिया

2- कोयलसा

3- अहरौला

बूढ़नपुर तहसील के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्डों में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या

अतरौलिया	1–79
कोयलसा	1–100

अहरौला 1—90

बेसिक शिक्षा परिषद, जिला परिषद और नगर पालिका, समाज कल्याण विभाग, और जिला स्कूल निरीक्षक सहित विभिन्न संगठनों द्वारा बुनियादी और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की सूची दी गई थी।

- **विद्यार्थी**

वर्तमान अध्ययन का नमूना उन छात्रों से बना है जो बाहर हो गए हैं। बुधनपुर तहसील के तीनों विकासखंडों के सभी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक में पंजीकृत 1.5महिला छात्राओं में से कोई भी माध्यमिक शिक्षा ग्रहण नहीं कर रही है या जो पुनः प्रवेश ले रहे हैं उन ड्राप आउट्स छात्रों को जिनकी संख्या 1424 एवं रिपीटर्स छात्रों को जिनकी संख्या 416 है, को न्यादर्श के अन्तर्गत किया गया है। इन छात्रों को जातिवर्ग, धर्म व लिंग वर्ग, आर्थिक वर्ग में विभक्त किया गया है और उनके ड्राप आउट एवं रिपीटर की स्थिति देखी गयी। उनके अभिभावक को भी शिक्षा वर्ग में विभक्त करके ड्राप आउट एवं रिपीटर्स की स्थिति देखी गयी। उनके पुनरावर्तक और छोड़ने वालों के कारणों की जांच की गई है। यह नमूना राष्ट्र और शिक्षा का प्रतिनिधि होगा, और परिणाम सार्वभौमिक और शाश्वत होंगे।

3.4 उपकरण का विवरण

डेटा संग्रह हर शोध परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उपकरण वे उपकरण हैं जिनका उपयोग किसी समस्या को हल करने के लिए अज्ञात डेटा प्राप्त करने के लिए किया जाता है। अनुसंधान के लिए, तीन प्रकार के उपकरण हैंरू मानकीकृत, गैर—मानकीकृत और स्व—निर्मित उपकरण। इस अध्ययन में स्वनिर्मित उपकरण प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है।

ड्राप आउट्स देखने हेतु प्रश्नावली

शोधकर्ता ने बुधनपुर तहसील में प्राथमिक प्राइमरी स्कूल स्तर पर ड्रॉपआउट की जांच के लिए दो प्रकार की प्रश्नावली तैयार की।

प्रथम प्रश्नावली विद्यार्थियों के लिए सरल तथा बोधगम्य बनायी गयी। है, जिससे प्रश्नों के समझने में कठिनाई न हो। प्रथम प्रश्नावली में पहले 54 प्रश्न तैयार किया गया जिसे कुछ शिक्षाविदों तथा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को दिखाई गयी, उनके परामर्श से 11 प्रश्न निकाल दिये गये, जो उपयुक्त नहीं थे। इस प्रनावली में कुल 43 प्रश्नों में कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई बीच ही में छोड़ने के कारण से सम्बंधित है, उसका मुद्रण करवाया गया जिसका प्रारूप परिशिष्ट में संग्रहीत है। इन पूछताछों को छात्र समस्याओं की चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया हैरू शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत। । इन क्षेत्रों में क्रमशः 19 और 6 प्रश्न रखे गये हैं।

दूसरी प्रश्नावली में विद्यालय स्तर पर ड्राप आउट्स के कारणों को जानने के लिए 25 एकांश तैयार किये गये थे परन्तु बाद में कुछ शिक्षाविदों एवं प्रधानाध्यापकों के परामर्श से 8 एकांश को निकाल दिये गये जो उपयुक्त नहीं थे। यह प्रश्नावली सादे अंग्रेजी में लिखी गई थी और छपाई के लिए इसे17 खंडों में विभाजित किया गया था।। जिसका प्रारूप परिशिष्ट में संग्रहीत है। यह विषय शैक्षिक मुद्दों के चार क्षेत्रों पर केंद्रित हैरू शैक्षिक स्थिति, शैक्षिक सामग्री, निर्देशात्मक तरीके और शैक्षिक दृष्टिकोण (छात्र, शिक्षक, सरकार, माता–पिता)। इन क्षेत्रों में कुल एकांश क्रमशः 3 और 6 है जिसे अग्रांकित एक टेबल दिखाया गया है।

3.5 विशेषज्ञ से परामर्श

आँकड़ो का संग्रह करने के लिए अनुसूची कहा तक उपयुक्त है, कहाँ तक नहीं, इसकी जानकारी हेतु अनुसूची को निर्देशक को दिखाया जाय। अनुसूची प्रतिबंधित स्वरूप की बनायी गई थी। निर्देशक ने उस अनुसूची को प्रतिबंधित एवं खुली दोनों स्वरूपों के प्रश्नों के निर्माण करने के लिए परामर्श दिया। अनुसूची पुनरू मिश्रित स्वरूप की बनायी गयी। इसको पुनः निर्देशक को दिखाया गया। उन्होंने अनुसूची को छोटे–न्यादर्श पर प्रयोग करने की अनुमती दे दी। यह अनुसूची परिशिष्ट एक में संलग्न है।

3.6 प्राथमिक परीक्षण

जो अनुसूची बनायी गयी उसे टाइप कराया गया टाइप कराकर ड्राप आउट एवं रिपीटर्स हेतु जौनपुर जिले के बदलापुर ब्लाक, तियरा, एवं कूँही खुर्द के ड्राप आउट एवं रीपीटर छात्रों के पच्चीस अभिभावक को अनुसूची भरने के लिए दिया गया। अभिभावक ने अनुसूची भरकर वापस किया। वापस की गयी अनुसूची के प्रत्येक प्रश्न के उत्तर का विश्लेषण किया गया। इससे यह ज्ञात हुआ कि चौथे प्रश्न जिसमें परिवार के सदस्यों के विवरण के विषय में पूछा गया है, में सदस्यों की संख्या लिखने की कम जगह थी। बाद में जब अनुसूची पुनः बनायी गयी तब पर्याप्त जगह छोड़ी गयी इसके अतिरिक्त प्रश्न संख्या 7 मे माता–पिता का परदेश गमन एवं छात्रों का दुकान कार्य में लगना दो कारण और बढ़ाया गया इन्हें ऊपर–नीचे के क्रम में लिखा गया। इसी प्रकार रिपीटर्स की अनुसूची छपायी गयी निर्देशक को दिखाया गया। उन्होंने अनुसूची को छोटे न्यादर्श पर प्रयोग करने की अनुमति दे दी।

सांख्यिकीय प्रविधियां

अनुसंधान में, सांख्यिकीय दृष्टिकोण एक मार्गदर्शन के रूप में कार्य करते हैं। डेटा एकत्र किए जाने के बाद, पहले सारणीकरण किया जाता है, उसके बाद सांख्यिकीय दृष्टिकोण।

डेटा विश्लेषण के दृष्टिकोण से, किसी भी जांच में सांख्यिकीय दृष्टिकोण का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। उपकरण की इकाइयों के निर्माण और परीक्षण के दौरान इस पर विचार किया जाना चाहिए। आंकड़ों को इस रूप में एकत्र

करना चाहिए जिससे उसका विश्लेषण तथा अर्थ निकालना आसान एवं सरल बन जाये। इस अध्ययन में उपकरणों का उपयोग करते हुए और इकाइयों का निर्माण करते समय केवल व्यवहार्य सांख्यिकीय दृष्टिकोण लागू किए गए थे।

प्रयुक्त सांख्यिकी –

शोधकर्ता ने इस अध्ययन में केवल पर्सेंटाइल वैल्यू को नियोजित किया है और किसी अतिरिक्त आंकड़े का उपयोग नहीं किया है। अपनी गाइडबुक में, शोधकर्ता ने स्कूल के आंकड़ों के आधार पर चुने हुए क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या दर्ज की। प्राइमरी स्कूल के सभी पाठ्यक्रमों में ड्रॉपआउट की पहचान की गई। तत्पश्चात ड्रॉप–आउट छात्रों के माता–पिता को निर्धारित साक्षात्कार को देखकर और उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति से उनकी शैक्षिक, आर्थिक, जाति, लिंग और धार्मिक स्थिति के बारे में जानने के बाद इन बिंदुओं के तहत वर्गीकृत किया गया था। संख्या जानकर उससे प्रतिशत मान निकाला गया इसके साथ–साथ ड्राप आउट्स के कारणों को भी इन्हीं उपकरणों की सहायता से जाना गया। प्रत्येक कारण पर ड्रॉप आउट रिपीटर्स की संख्या का उपयोग इन कारणों पर ड्रॉप आउट के प्रतिशत मूल्य की गणना के लिए किया गया था।

प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

डेटा संग्रह और वर्गीकरण का वर्णन पिछले अध्याय में किया गया था; अब, इस अध्याय में डेटा विश्लेषण, व्याख्या और परिणाम प्रस्तुत किए गए हैं। जनपद जौनपुर के बदलापुर तहसील के कुल 11297 बच्चों का नामांकन मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में कराया गया। इन बच्चों के नामांकन को किंडरगार्टन से पांचवीं कक्षा तक ट्रैक किया गया था। उनमें ड्रॉपआउट और रिपीटर्स पाए गए। वे सूची में थे। ड्रॉप–आउट की कुल संख्या 1424 थी, जबकि इस पद्धति में रिपीटर्स की कुल संख्या 416 थी। कक्षा एक में स्कूल छोड़ने वाले और दोहराने वालों की संख्या कम थी। वास्तविक समस्या ड्राप आउट्स की कक्षा 2 एवं 3 में उत्पन्न होती है एवं रिपीटर्स सबसे अधिक कक्षा पाँच में मिले।

कक्षा में दाखिला लेने के बाद, कक्षा से कक्षा तक ड्रॉपआउट और रिपीटर्स की भर्ती की गई। सबसे पहले, नामांकित छात्रों की संख्या, उन्हें प्राप्त होने वाले ड्रॉप–आउट और रिपीटर्स की संख्या, और उनका प्रतिशत मूल्य, साथ ही छात्रों की अलग–अलग संख्या और नामांकन से बाहर हुई लड़कियों, उनके द्वारा प्राप्त किए गए ड्रॉप–आउट और रिपीटर्स की संख्या, और कुल नामांकन के सापेक्ष उनका प्रतिशत और प्रतिशत मूल्य। यह टेबल सेट करने का समय है।

	ड्राप–आउटप्रतिशत में
कुल ड्राप–आउट	12.60
छात्रों का ड्राप–आउट	13.95
छात्राओं का ड्राप–आउट	10.76



नीचे दी गई जानकारी के अनुसार, वर्तमान में 11297 छात्र नामांकित हैं, जिनमें से 1424 छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं। यह कुल छात्र आबादी का 12.60 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है।

संस्था में कुल 6514 छात्रों ने नामांकन किया है, जो कुल नामांकन का 57.66 प्रतिशत है। दूसरी ओर, स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या 909 है, जो कुल छात्र नामांकन का 13.95 प्रतिशत और कुल नामांकन का 8.04 प्रतिशत है।

यादव राम चंद्र के शोध के परिणामस्वरूप कितने अनुपात में छात्र बाहर हो गए? के।, देवी। हाँ। जौनपुर जिले में वर्तमान शोध कार्य के अध्ययन परिणामों से प्राप्त ड्रॉपआउट का अनुपात दोनों पूर्व शोध अध्ययनों के निष्कर्ष की तुलना में काफी कम है। ड्रॉपआउट और रिपीटर्स की संख्या, जो एक प्रतिशत का आंकड़ा है, इतनी अधिक नहीं होनी चाहिए थी। जौनपुर की तरह यह जिला उच्च साक्षरता दर वाले जिले का हिस्सा है। यह अनुपात निश्चित रूप से अन्य अविकसित क्षेत्रों में अधिक होगा। वर्तमान अध्ययन के बाद, ड्रॉपआउट और रिपीटर्स के समान अनुपात की खोज की गई थी। यह चिंताजनक है और भारत की शिक्षा प्रणाली के लिए खतरा है। 1999 की विस्तारित

अवधि के दौरान ड्रॉपआउट दर में उल्लेखनीय सुधार होना चाहिए था। बहुत अधिक परिवर्तन नहीं हुआ है। क्योंकि अब तक कोई ड्रॉपआउट या रिपीटर्स नहीं होना चाहिए था। महिला ड्रॉपआउट के मामले में, उनमें से बहुत सारे हैं। पहले, देवी के की तरह, उनका अनुपात लड़कों की तुलना में बड़ा था। हाँ। और यद्यपि यादव रामचंद्र के शोध के परिणाम स्पष्ट हो रहे हैं, वर्तमान अध्ययन में लड़कों की तुलना में महिलाओं में ड्रॉप–आउट और रिपीटर्स का प्रतिशत मूल्य कम है। इससे स्पष्ट है कि जौनपुर जिले में माता–पिता और छात्राएं अपनी बेटियों की शिक्षा को लेकर विशेष रूप से चिंतित हैं।

ड्रॉप–आउट और रिपीटर्स की संख्या, साथ ही कुल ड्रॉप–आउट और प्रति कक्षा नामांकन का उनका प्रतिशत मूल्य अब एक तालिका में प्रदर्शित किया गया है।

तालिका संख्या 4.2

	ड्राप–आउटप्रतिशत में
कक्षा 1	5.96
कक्षा 2	44.52
कक्षा 3	26.82
कक्षा 4	18.04
कक्षा 5	4.63



तालिका 2 से पता चलता है कि कुल छोड़ने वालों में, कक्षा एक में 5.9% कक्षा तीन में 44.52 प्रतिशत, कक्षा चार में 26.82 प्रतिशत, कक्षा पाँच में 18.04 प्रतिशत और कक्षा पाँच में 4.63 प्रतिशत है।

ऊपर दिए गए चार्ट से स्पष्ट है कि कक्षा ट में स्कूल छोड़ने वालों का अनुपात सबसे कम है। उच्चतम ग्रेड कक्षा 2 में है। तब से यह धीरे–धीरे घट रहा है। परिणामस्वरूप, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि प्राथमिक विद्यालयों में विद्यालय छोड़ने की दर निम्न कक्षाओं में अधिक है। पांचवीं कक्षा में पहुंचते–पहुंचते यह कम हो गया है। इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं। एक कारण परिवार में ज्ञान की कमी हो सकती है। दूसरे परिवार की आर्थिक स्थिति संकट में पड़ सकती है। तीसरे प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक उदासीन और गैर–जिम्मेदार हो सकते हैं। चौथी कक्षा में सीखने के लिए मानसिक उत्साह की कमी हो सकती है। माता–पिता और शिक्षकों के साक्षात्कार ने यह सच दिखाया है।

प्रत्येक कक्षा में ड्रॉपआउट और रिपीटर्स के माता–पिता की वित्तीय स्थिति के आधार पर, प्रत्येक कक्षा में ड्रॉपआउट और रिपीटर्स की संख्या, साथ ही उनके अनुपात को दर्शाने वाली एक तालिका अब प्रकाशित की जा रही है।

प्रत्येक कक्षा में ड्राप–आउट्स अभिभावकों की आय के अनुसार उनके पाल्यों की कक्षावार ड्राप–आउट्स की संख्या एवं प्रतिशत मान की तालिका

क्रम संख्या	प्रत्येक कक्षा में ड्राप–आउट्स छात्रों की संख्या एवं प्रतिशत				
	कक्षा 1 प्रतिशत	कक्षा 2 प्रतिशत	कक्षा 3 प्रतिशत	कक्षा 4 प्रतिशत	कक्षा 5 प्रतिशत
10,000 — 20,000	12.94	13.77	16.49	14.78	19.69
20,000 — 30,000	16.47	23.34	24.08	20.62	10.60
30,000 — 40,000	27.05	36.54	36.81	30.35	13.63
40,000 — 50,000	23.52	9.46	9.94	14.04	21.21
50,000 — 60,000	7.05	6.46	7.06	6.61	12.12
60,000 से ऊपर	3.52	1.26	1.04	4.28	6.06



10000 रुपये की वार्षिक आय वाले माता–पिता के बच्चों में ड्रॉपआउट का अनुपात कक्षा एक में 9.41 प्रतिशत, कक्षा दो में 7.09 प्रतिशत, कक्षा तीन में 6.54 प्रतिशत और कक्षा चार में 6.54 प्रतिशत है, जैसा कि तालिका 3 में दिखाया गया है। 9.33 पांचवीं कक्षा में 16.66 प्रतिशत है।

- इनमें 12.94 प्रतिशत छात्र कक्षा एक से बाहर हो जाते हैं, 13.77 प्रतिशत छात्र कक्षा दो से बाहर हो जाते हैं, 16.49 प्रतिशत छात्र कक्षा तीन से बाहर हो जाते हैं, 14.78 प्रतिशत छात्र कक्षा चार से बाहर हो जाते हैं और 19.69 प्रतिशत छात्र बाहर हो जाते हैं। क्रमशः कक्षा पांच।
- 16.47 प्रतिशत साथी कक्षा से बाहर हो जाते हैं जब उनका वार्षिक वेतन 20000 से 30000 डॉलर के बीच होता है; कक्षा दो में 23.34 प्रतिशत ऐसा करते हैं; कक्षा तीन में 24.08 प्रतिशत ऐसा करते हैं; कक्षा चार में 20.62 प्रतिशत ऐसा करते हैं; और 10.60 प्रतिशत कक्षा पांच में ऐसा करते हैं।
- रुपया। जिन बच्चों के माता–पिता की वार्षिक आय 30000 से 40000 डॉलर के बीच है, उनमें स्कूल छोड़ने की दर कक्षा पांच में 13.63 प्रतिशत से लेकर कक्षा एक में 27.05 प्रतिशत, कक्षा दो में 36.54 प्रतिशत, कक्षा तीन में 36.81 प्रतिशत, कक्षा चार में 30.35प्रतिशत और 13.63 है। पांचवीं कक्षा में प्रतिशत। ये दरें वर्ग स्तर पर आधारित हैं।
- 40000 रुपये से 50000 रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों में, स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत कक्षा में 23.52 प्रतिशत से कक्षा दो में 9.46 प्रतिशत, कक्षा तीन में 9.94 प्रतिशत, कक्षा चार में 14.04 प्रतिशत और 21.21 प्रतिशत है। पांचवीं कक्षा में प्रतिशत।

- रुपया। जिन छात्रों के परिवारों की वार्षिक आय 50000 और 60000 के बीच थी, उनमें कक्षा छोड़ने की दर 7. 05 प्रतिशत, कक्षा 2 में 6.46 प्रतिशत, कक्षा तीन में 7.06 प्रतिशत, कक्षा चार में 6.61 प्रतिशत और कक्षा पांच में 12.12 प्रतिशत थी।
- क्योंकि उनके माता–पिता 60000 रुपये से अधिक कमाते हैं, कक्षा एक में 3.52 प्रतिशत बच्चे, कक्षा दो में 1.26 प्रतिशत छात्र, कक्षा तीन में 1.04प्रतिशत छात्र, कक्षा चार में 4.28 प्रतिशत और कक्षा पांच में 6.06 प्रतिशत बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल छोड़ दिया।
- 30000 से लेकर के 40000 वार्षिक आय वाले अभिभावक के पाल्यों का ड्राप आउट कक्षा 1 2 3 एवं कक्षा 4 में है। तथा 40 से 50 हजार आमदनी वाले अभिभावक के पाल्यों का ड्राप आउट कक्षा पाँच में सर्वाधिक है और सबसे कम ड्राप आउट 60 हजार से ऊपर आयदृवर्ग वाले अभिभावक के पाल्यों का सभी कक्षाओं में है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि निम्न आयदृवर्ग वाले अभिभावक के पाल्यों का ड्राप आउट मध्यम आयदृवर्ग वाले अभिभावक के पाल्यों से कम ड्राप आउट होता है और उच्च आयदृवर्ग वाले अभिभावक के पाल्यों का ड्राप–आउट्स सबसे कम होता है तथा मध्यम आय वर्ग वाले अभिभावक के पाल्यों का ड्राप आउट सबसे अकि होता है।

निष्कर्ष

इस अध्ययन ने कई कारकों की पहचान की है जो आजमगढ़ क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयों को छोड़ने वाले छात्रों में योगदान करते हैं, जिनमें स्कूल के बुनियादी ढांचे, शिक्षक की गुणवत्ता, छात्र प्रेरणा और माता–पिता की भागीदारी शामिल है। इन कारकों के आधार पर, प्राथमिक विद्यालयों में छात्र प्रतिधारण में सुधार करने के लिए सिफारिशें विकसित की गई हैं, जैसे कि स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार, शिक्षकों के लिए व्यावसायिक विकास प्रदान करना, माता–पिता की भागीदारी बढ़ाना और छात्र प्रेरणा कार्यक्रमों को लागू करना।

इन सिफारिशों को लागू करने के लिए नीति निर्माताओं, शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय के नेताओं सहित विभिन्न हितधारकों के सहयोग और समन्वय की आवश्यकता होगी। छात्रों के ड्रॉपआउट दर में योगदान देने वाले मुद्दों को संबोधित करते हुए, इस जांच की सिफारिशें आजमगढ़ क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ा सकती हैं और छात्रों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में सुधार कर सकती हैं।

कुल मिलाकर, यह जांच भारत और अन्य क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा में समान चुनौतियों का सामना करने वाले नीति निर्माताओं, शिक्षकों और हितधारकों के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकती है। निष्कर्ष शैक्षिक नीतियों और प्रथाओं को सूचित कर सकते हैं जो छात्र प्रतिधारण को प्राथमिकता देते हैं और बच्चों के समग्र विकास का समर्थन करते हैं।

संदर्भ

[1]. एमएचआरडी। (2018)। शैक्षिक सांख्यिकी एक नज़र में। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार।

[2]. सिंह, ए., और खातून, एस. (2017)। प्राथमिक शिक्षा में ड्रॉपआउट दररू वाराणसी में ग्रामीण स्कूलों का एक अध्ययन। आईओएसआर जर्नल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस, 22(8), 1–7।

[3]. गुप्ता, एम। (2016)। ग्रामीण उत्तर प्रदेश में प्राथमिक विद्यालय छोड़ने वाले छात्रों पर एक अध्ययन। द इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंडियन साइकोलॉजी, 3(1), 38–47।

[4]. राणा, आर., और कुमारी, एस. (2018)। प्राथमिक स्कूल के छात्रों के बीच ड्रॉपआउट को प्रभावित करने वाले कारकरू हिमाचल प्रदेश में शिमला जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का एक अध्ययन। मानविकी और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 8(1), 1–6।

[5]. यूनेस्को। (2016)। लोगों और ग्रह के लिए शिक्षा सभी के लिए स्थायी भविष्य बनाना। वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट।

[6]. सिंह, वी.के., सिंह, ए., और सिंह, आर. (2015)। एनईआर में स्कूल छोड़ने वाले निर्धारकों का एक अनुभवजन्य अध्ययनरू मेघालय से साक्ष्य। जर्नल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड एडमिनिस्ट्रेशन, 4(1), 8–20।

[7]. कुंडू, ए.के. (2014)। ग्रामीण भारत में स्कूल नामांकन और प्रतिधारण को प्रभावित करने वाले कारकरू एक अनुभवजन्य अध्ययन। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ सोशल इकोनॉमिक्स, 41(6), 476–492।

[8]. नाइक, जे.के., और पटनायक, एस. (2017)। आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति के छात्रों के बीच स्कूल छोड़नारू एक केस स्टडी। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च इन सोशल साइंसेज, 7(2), 46–59।

[9]. चौधरी, एन। (2018)। भारत में आदिवासी छात्रों के बीच स्कूल छोड़ने की दर को प्रभावित करने वाले कारकों पर एक अध्ययन। मानवविज्ञानी, 33(3), 253–264।

[10]. देसाई, एस., दुबे, ए., जोशी, बी. एल., और सेन, एम. (2017)। भारत मानव विकास सर्वेक्षण–द्वितीय (आईएचडीएस–द्वितीय), 2011–12। राजनीतिक और सामाजिक अनुसंधान खवितरक, के लिए इंटर–यूनिवर्सिटी कंसोर्टियम, एन आर्बर, एमआई।

[11]. शिक्षा मंत्रालय। (2020)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020। भारत सरकार।

[12]. अल्वी, एस। (2017)। पाकिस्तान में प्राथमिक विद्यालयों में लड़कियों के नामांकन और प्रतिधारण को प्रभावित करने वाले कारक। जर्नल ऑफ एजुकेशन एंड प्रैक्टिस, 8(7), 9–15।

[13]. शुक्ला, आर., और सिंह, पी. (2018)। वाराणसी, भारत के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की ड्रॉपआउट दर में योगदान करने वाले कारक। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट, 5(7), 24–28।

[14]. कांडपाल, के., और सिंह, पी. (2017)। भारत में स्कूल छोड़ने वालों की संख्यारू साहित्य की समीक्षा। जर्नल ऑफ एजुकेशनल एंड सोशल रिसर्च, 7(3), 65–69।

[15]. एनसीईआरटी। (2019)। आजादी के बाद से भारत में शैक्षिक विकास। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, भारत सरकार।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2023 GISRRJ | Volume 6 | Issue 2 | ISSN : 2582-0095

यथार्थबोधः एक अध्ययन

पूनम
शोधार्थी, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

Article Info
Volume 6, Issue 2
Page Number : 36-40

Publication Issue :
March-April-2023

Article History
Accepted : 01 April 2023
Published : 10 April 2023

शोधसारांश– यह सच ही कहा गया है, कि साहित्य समाज का दर्पण होता है, क्योंकि साहित्य के द्वारा ही किसी भी युग में तात्कालिक सांस्कृतिक जीवन का वास्तविक ज्ञान हमें प्राप्त होता है। क्योंकि साहित्य समाज से सीधा जुड़ा रहता है और समाज में जो भी घटनाएं घटित होती हैं, वही साहित्य में लिखी जाती हैं, अतः सामाजिक अनुभूतियां और संवेदना ही साहित्य का विषय बनती हैं और सामाजिकता का वास्तविक ज्ञान ही यथार्थ है। अतः साहित्य को सही तरह से पहचानने के लिए यथार्थवाद या यथार्थ को जानना अति आवश्यक है। इस आलेख के माध्यम से हम यथार्थबोध को विस्तार से जानेंगे।

मुख्य शब्द– यथार्थबोध, यथार्थ, वास्तविकता, वास्तविक आदि।

परिचय– हिंदी साहित्य के क्षेत्रा में यथार्थवादी चेतना का उद्भव आधुनिक युग में हुआ है। प्रेमचंद युग से हमें यथार्थवाद का वास्तविक स्वर दिखाई देता है, उसके पश्चात से लेकर स्वातंत्रायोत्तर युद्ध काल तक के कथाकार जीवन में यथार्थवाद हमें लगातार दिखाई देता है। इसी क्रम में महिला कथाकार भी यथार्थ के निरूपण में पीछे नहीं रही है और इन्हीं कथाकारों में उषा प्रियंवदा, अलका सरावगी, रमणिका गुप्ता आदि तमाम नाम शामिल हैं, जिन्होंने मानव जीवन की विडंबनाओं और जटिलताओं को संवेदना के धरातल पर यथार्थ पर अभिव्यक्ति प्रदान की है। यथार्थवादी कथाकारों ने वही लिखा है जो उन्होंने अपने आसपास अनुभव किया देखा है जैसे उषा प्रियंवदा ने लिखा है– "कि मैं वही लिखती हूं जिससे मैं परिचित हूं,....''

प्रेमचंद के समय में कहानी में यथार्थवाद का आरंभ हुआ। प्रेमचंद पहले क्रांतिकारी कहानीकार हैं जिन्होंने हिंदी कहानी को कल्पना लोक से निकालकर यथार्थ की ठोस भूमि प्रदान की और उन्होंने सबसे पहले हिंदी कहानी के शिल्प और शैली को नया रूप दिया। हिंदी कहानी में पहली बार पीड़ित शोषित दलित और मजदूरों की समस्याओं का चित्राण प्रेमचंद ने किया है।

यथार्थ – यथार्थ शब्द अंग्रेजी भाषा के शब्द 'रियल' का समानार्थी है, जिसका अर्थ है वास्तविक (वस्तु संबन्धी)। यथार्थ शब्द का उद्भव दो अक्षरों के मेल से हुआ है "यथा" और "अर्थ"। यथा का हिंदी मतलब होता है 'जैसा' और अर्थ का मतलब होता है 'वस्तु, तत्व, द्रव्य, पदार्थ' आदि। संसार की प्रत्येक वस्तु जिसका अनुभव हमें अपनी इन्द्रियों द्वारा होता है, यथार्थ कहलाती है। सामान्य रूप से यथार्थ का अर्थ होता है ''जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, उचित, वास्तविक, सच्चा''। रामचंद्र वर्मा द्वारा संपादित मानक हिंदी कोश मैं यथार्थ का अर्थ बताया है– जो अपने अर्थ आदि के ठीक अनुरूप हो, ठीक, उचित, जैसा होना चाहिए ठीक वैसा ही, वाजिव। इसी प्रकार नागेंद्र द्वारा संपादित साहित्य कोश में यथार्थ का अर्थ बताया है– जिसका अस्तित्व वास्तव में है।

यथार्थवाद का अभिप्राय– यथार्थवाद (रियलिज्म) 2 शब्दों यथार्थ (वास्तविक) और वाद (सिद्धांत) के योग से मिलकर बना है जिसका अर्थ है "जीवन की सच्ची अनुभूति और वास्तविकता का सिद्धांत"। यथार्थवाद भौतिकवादी जगत को मानता है और आदर्शवाद के द्वारा जगत को मिथ्या कहने वाली भावना का विरोध करता है। साहित्य जगत में यह सोचने का एक विशिष्ट तरीका है, जिसके अनुसार लेखक दुनिया और अपने समाज में हो रहे परिवर्तनों की वास्तविकता को अपनी कलम द्वारा सजीव चित्रित करता

Copyright: © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

है। यथार्थवाद के अनुसार मनुष्य को अपने चारों ओर के वातावरण का ज्ञान होना चाहिए और उसे जानकारी होनी चाहिए कि वह उस वतावरण को परिवर्तित कर सकने में सक्षम है या नहीं, और इसी ज्ञान के अनुसार ही उसे अपने कार्य करने चाहिए, जैसे डॉ. भीमराव आंबेडकर को अपनी जाति के लोगों की वास्तविकता का पूंर्ण ज्ञान था और उनकी परेशानियों से भी वे भलीभाँति परिचित थे और वे यह भी जानते थे कि दलित जाति के लोगों की यथार्थ परेशानियों को कैसे बदला जा सकता है। इसी तरह कई क्रांतिकारी लेखक हुए हैं जिन्होने अपनी लेखनी के बल पर समाज की तमाम बुराइयों को उजागर करके समाज को उसे दूर करने को मजबूर किया है। वास्तव में साहित्य में यथार्थवाद आधुनिक युग की देन है। कला और साहित्य के क्षेत्रा में यथार्थवाद का उद्‌भव लगभग 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में फ्रांस में हुआ था और यथार्थवाद पर सर्वप्रथम विचार प्रकट करने वाले मर्क्यू फ्रांसे का नाम लिया जाता है, उन्होंने 1828 ईसवी में यथार्थवाद पर एक निबंध लिखकर कला और साहित्य के क्षेत्रा में इसे स्थापित किया था। यथार्थवाद के मूल में वैज्ञानिक आविष्कार और औद्योगिक क्रांति विद्यमान है, जिसने जीवन और जगत को देखने की एक नवीन दृष्टि प्रदान की और नई सामाजिक व्यवस्था को जन्म दिया। लगभग सभी आधुनिक दौर की महिला कथाकारों ने अपनी कहानियों में यथार्थबोध का उल्लेख किया है।

यथार्थवाद की परिभाषाऐं– यथार्थवाद एक विश्वास का सिद्धांत है जो जगत को जाँच–परख कर वैज्ञानिक तरीके से स्वीकार करता है और वह जगत को वास्तविक मानता है।

स्वामी रामतीर्थ– इनके अनुसार यथार्थवाद स्वीकारता है कि हम जो कुछ भी अपनी इंद्रियों के माध्यम से प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं, उसका कारंण वस्तुओं का एक यथार्थ जगत है।

जे.एस.रॉस– इनके अनुसार यथार्थवाद संसार को उसके मूलरूप (जिसमें वह दिखायी देता है) में स्वीकार करता है।

बटलर– इनके अनुसार यथार्थवाद का प्रमुख विचार यह है कि वाह्य जगत की सभी वस्तुऐं (पदार्थ) वास्तविक हैं और उनका अस्तित्व उसे देखने वाले से अलग है अर्थात अगर उन पदार्थों को देखने वाले या महसूस करने वाले न हों तब भी उन पदार्थों का अस्तित्व रहेगा।

कार्टर वी. गुड– इसके अनुसार वास्तविक या भौतिक जगत चेतन मन से स्वतन्त्रा रूप से अस्तित्व रखता है तथा उसके गुण और प्रकृति उसके ज्ञान से ज्ञात होते हैं।

डॉ. त्रिभुवन सिंह– किसी वस्तु का ज्यों का त्यों ग्रहंण करना ही यथार्थवाद का चित्राण है परन्तु सहित्यकार फोटोग्राफर नहीं होता है, वह निर्माता होता है। साहित्य में जो कुछ भी यथार्थ में चित्राण किया जाता है वह वस्तुओं का तद्वत चित्राण न होकर संषलेषणात्मक चित्राण होता है। साहित्यकार मात्रा उसका चित्राण ही नहीं करता वल्कि चुनाव भी करता है। वह प्रस्तुत दृश्य को ज्यों का त्यों नहीं चित्रित करता वल्कि अपनी रूचि के अनुसार वस्तु के दृश्यों को नये सिरे से सजाता है और फिर उसका चित्राण करता है। यही कारण है कि एक वस्तु का विभिन्न साहित्यकारों द्वारा अलग–अलग तरीकों से विश्लेषंण एवं चित्राण किया जाता है। इस प्रकार वस्तु जगत और भाव जगत के सत्य में अन्तर दिखता है।

बाबू गुलाबराय– इनके अनुसार हमारे सामने नित्यप्रति घटने वाली घटनाऐं ही यथार्थ हैं। उसमें धूप–छाँव, पाप–पुण्य और सुख–दुःख आदि मिश्रित रहता है। यह सामान्य भाव भूमि के धरातल पर रहकर वर्तमान की वास्तविकता से सीमाबद्ध रहता है।

प्रेमचन्द– इनके अनुसार आजकल के लेखक अनोखे ओर विशिष्ट चरित्राों की खोज में अपनी शक्ति नष्ट कर देते हैं। जबकी उनको चाहिए कि वहाँ जाऐं जहाँ देश की वास्तविक आबादी रहती है और उन सीधे–साधे लोगों का वर्णन करो, यही यथार्थवाद है।

लुकाच– इनके अनुसार लेखक अपने आसपास जो भी देखता है उसका निडरतापूर्वक पूरी ईमानदारी व निश्पक्षता से वर्णन करना ही यथार्थवाद है।

एंगेल्स– इनके अनुसार– "मेरे विचार से 'यथार्थवाद' का आशय यह है कि लेखक विवरणों और ब्यौरों के सत्य प्रस्तुतीकरण के अलावा प्रतिनिधि पात्रों को प्रतिनिधि परिस्थितियों में सच्चाई के साथ चित्रित करे।

नगेन्द्र– इनके अनुसार यथार्थवाद से तात्पर्य उस दृष्टिकोण से है जिसमें कलाकार अपने व्यक्तित्व को यथार्थ संभव तटस्थ रखते हुए वस्तु को, जैसी वह है वैसी ही देखता है और चित्रित करता है अर्थात् यथार्थवाद के लिए वस्तुगत दृष्टिकोण अनिवार्य है।

शिवकुमार मिश्र– इनके अनुसार सच्चे तथा महान यथार्थवाद का लक्ष्य समाज, जीवन तथा मनुष्य के जीवन के यत्रा–तत्रा बिखरे स्फुट अंशों को ही परखने और मूर्त करने का नहीं होता; वरन् उनकी दृष्टि इनके संपूर्ण रूप को उभारने की ओर रहती है। वह उन्हें इनकी 'संपूर्णता' में ही देखने पर बल देता है।

अतः वस्तु या परिस्थिति की वास्तविक तस्वीर दिखाना ही यथार्थवाद है।

यथार्थवाद की विशेषताएं– यथार्थवाद की निम्नलिखित विशेषताएं हैं–

- यह साहित्य की एक विशेष चिंतन पद्यति है। इसके अनुसार साहित्यकार या लेखक अपने समाज और वाह्य जगत में होने वाले परिवर्तनों एवं घटनाओं का यथातथ्य चित्राण करता है।
- यथार्थवादी जीवन की सुन्दर घटनाओं के मुकाबले असुन्दर घटनाओं का वर्णन करने को बहुत महत्व देता है।
- संसार के लगभग सभी साहित्यों में यथार्थवाद मौजूद है। अर्थात यह सर्वव्यापी है।
- यथार्थवाद संसार में क्रांति, परिवर्तन और सुधार का कारक है।
- यथार्थवाद के मूल में औद्योगिक क्रांति एवं वैज्ञानिक आविष्कार मौजूद हैं। इसके द्वारा ही जीवन को देखने की नवीन दृष्टि प्राप्त हुई है जिससे एक नई सामाजिक व्यवस्था ने जन्म लिया है।
- यथार्थवाद में यथार्थ (इन्द्रियों द्वारा महसूस की जा सकने वाली वस्तु) ही सत्य है।
- यथार्थवाद आंगिक सिद्धांत को मानता है, जिसकी वजह से संसार में सभी नियमों, विचारों, परिस्थितियों आदि में परिवर्तन होता रहता है।
- यथार्थवाद यांत्रिाक होता है अर्थात संसार में नियमितता का होना परम आवश्यक है।
- यथार्थवादी विचारधारा अवलोकन, निरिक्षंण तथा प्रयोग पर बल देती है। यह एक वैज्ञानिक विचारधारा है।
- यथार्थवादी ज्ञानेन्द्रियों के प्रशिक्षंण पर जोर देते हैं।
- यथार्थवाद के अनुसार जगत ही वास्तविक सत्य है और जगत नियमित है।
- यथार्थवाद वर्तमान एवं व्यवहारिक जीवन को ही मान्यता देता है। यह उन नियमों, आदर्शों को महत्व नहीं देता है जिनका व्यवहारिकता और वर्तमान से संबन्ध नहीं होता है।
- जयशंकर प्रसाद के अनुसार यथार्थवाद की विशेषताओं में प्रधान है लघुता की ओर साहित्यिक दृष्टिपात। उसमें स्वभावतः दुःख की प्रधानता और वेदना की अनुभूति आवश्यक है। लघुता से मेरा अभिप्राय है साहित्य के माने हुए सिद्धांत के अनुसार महत्ता के काल्पनिक चित्राण से अतिरिक्त व्यक्तिगत जीवन के दुःखों और अभावों का वास्तविक उल्लेख।
- नंददुलारे वाजपेयी के अनुसार "यथार्थवाद वस्तुओं की पृथक् सत्ता का समर्थक है।
- यथार्थवाद यूरोपीय साहित्य की देन है। इसका उद्भव फ्रांसीसी क्रांति के परिणामस्वरूप हुआ। डॉ. त्रिभुवन सिंह के अनुसार– इसका विकास मुख्यतः पाँच बातों से प्रभावित माना जाता है– 1. डार्विन का विकासवाद, 2. फ्रायड का मनोविश्लेषण, 3. मार्क्स का अर्थविज्ञान, 4. यूरोपीय यथार्थवादी उपन्यास, 5. वैज्ञानिक प्रभाव।

यथार्थवाद का साहित्य से संबंध– यथार्थवाद का साहित्य से गहरा संबन्ध होता है। ज्यादातर साहित्य में वही लिखा जाता है जिसे साहित्यकार अपने चारों ओर महसूस करता है और देखता है। साहित्यकार अपने समय

की घटनाओं का लिपिबद्ध चित्राण करते हैं जो समय के साथ इतिहास बन जाती हैं और आने वाला समाज उन्हीं घटनाओं की अच्छाई और बुराई को जानकर उसकी बुराइयों को दूर करने का प्रयत्न करता है जिससे समाज में परिवर्तन होते हैं। इसी प्रकार पुरानी वैज्ञानिक खोजों के बारे में जानकर उसमें अपने अनुसार परिवर्तन करके किसी भी आविष्कार की गुणवत्ता को वताया जाता है। अतः यथार्थवाद के साथ साहित्यकार का चोली–दामन का साथ है। अगर साहित्यकार अपने समय के यथार्थ को वर्णित न करें तो आने वाला समाज पिछली पीढ़ी की अच्छाई और बुराइयों को नहीं जान पाएगा और न ही समाज में कोई सुधार संभव हो पाएगा। अतः संसार की प्रगति में यथार्थवादी साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

यथार्थ, साहित्य एवं कला की अभिव्यक्ति का बुनियादी विषय रहा है। देश–विदेश के साहित्य और कला में यथार्थ का चित्राण प्रारम्भ से ही होता रहा है। साहित्य तथा कला स्वभावतः यथार्थजीवी है। हिन्दी साहित्य में 'यथार्थवाद' यूरोपीय साहित्य की देन है। लेकिन हिन्दी साहित्य के भीतर यह विचारधारा के रूप में नहीं मिलता जैसा कि यूरोपीय साहित्य में मिलता है।

आधुनिक गद्य साहित्य की लगभग सभी विधाओं का आविर्भाव भारतेन्दु युग में हुआ था। लगभग इसी युग से हिन्दी साहित्य में यथार्थवादी चेतना के समावेष और विकास का आभास होता है। हिन्दी कथा–साहित्य और यथार्थ का अटूट सम्बन्ध रहा है। प्रेमचन्द यथार्थ को कथा–साहित्य का प्राण मानते थे। वहीं हजारी प्रसाद द्विवेदी का मानना है कि "कविता यथार्थवाद की उपेक्षा कर सकती हैं, संगीत यथार्थ को छोड़कर भी जी सकता है, पर उपन्यास और कहानी के लिए यथार्थ प्राण है।"

अतः इस प्रकार हम देखते है कि आधुनिक काल में कोई भी साहित्य की रचना यथार्थवाद के बिना संभव नहीं है और यथार्थवाद आधुनिक हिन्दी साहित्य का प्रांण है।

निष्कर्ष– हिंदी साहित्य में सर्वप्रथम यथार्थवाद प्रेमचंद के साहित्य में दिखाई देता है। उसके पश्चात 21वीं सदी में लगभग सभी महिला कथाकारों की कहानियों में यथार्थ बोध के दर्शन होते हैं। क्योंकि साहित्य समाज का दर्पण होता है और 21वीं सदी के साहित्य में समाज में जो कुछ भी 21वीं सदी में घटित हो रहा है वह दिखाई पड़ता है। यथार्थ जैसा कि पहले बताया जा चुका है वास्तविकता, वस्तु या पदार्थ के लिए प्रयुक्त होता है। अतः संसार की प्रत्येक वस्तु जिसका अनुभव हमें अपनी इंद्रियों द्वारा होता है यथार्थ कहलाती है। यथार्थवाद साहित्य की एक चिंतन पद्धति है जिसके द्वारा साहित्यकार अपने समाज और बाह्य जगत में जो कुछ भी घटित होता है उसका यथार्थ चित्राण करते हैं। आधुनिक गद्य की लगभग सभी विधाओं का आरंभ भारतेंदु युग में हुआ। 21वीं सदी की महिला कहानीकारों ने अपनी कहानियों में तात्कालिक समाज की परिस्थितियों का बखूबी वर्णन किया है। महिला कलाकारों ने समाज की बुराइयों को भी उठाया है और आधुनिक दौर में रिश्तो में हुए परिवर्तनों को भी अपनी कहानियों में बखूबी चित्राण किया है। 21वीं सदी की महिला कथाकारों की कहानियों में दांपत्य जीवन, विवाहेत्तर संबंध, माता पिता, भाई–बहन मित्रा एवं अन्य संबंधों पर बखूबी लेखनी चलाई है और आजकल के समाज में रिश्तो में जो भी दरारें आई हैं उनको बखूबी प्रदर्शित किया है।

संदर्भ

1. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल – हिन्दी साहित्य का इतिहास, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण 2012, पृ० 346
2. कुमार कमलेश– आदिवासी विमर्श अवधारणा और आंदोलन पृष्ठ 15
3. कृपाशंकर पाण्डेय – हिन्दी कथा साहित्य में यथार्थबोध के विविध रूप, समीक्षा प्रकाशन, बस्ती, संस्करण 1996, पृ० 29–30
4. जयशंकर प्रसाद – काव्य और कला तथा अन्य निबन्ध, पृ० 120 13.

5. डॉ. नूरजहाँ – हिन्दी कहानी में यथार्थवाद, अभिनव भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण 1976, पृ. 28
6. डॉ. सत्यकाम – आलोचनात्मक यथार्थवाद और प्रेमचन्द, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 1994, पृ. 6
7. डॉ. सुरेश सिन्हा – नई कहानी की मूल संवेदना, दिल्ली पुस्तक सदन, दिल्ली, संस्करण 1961, पृ. 175–76
8. डॉ. सुरेश सिन्हा – नयी कहानी की मूल संवेदना, दिल्ली पुस्तक सदन, दिल्ली संस्करण 1961, पृ. 177
9. चन्द्रकान्त बांदिवडेकर– आधुनिक हिन्दी उपन्यासः सृजन और आलोचना, पृ० 52 8.
10. शिवकुमार मिश्र – यथार्थवाद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2009 पृ. 18 9.
11. डॉ. त्रिभुवन सिंह – हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन्स
12. डॉ. एस.पी. खत्री – आलोचनाः इतिहास तथा सिद्धान्त, पृ. 475
13. डॉ. त्रिभुवन सिंह – हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन्स प्रा0लि0, वाराणसी, संस्करण 1997, पृ० 81
14. प्रेमचन्द – कुछ विचार, पृ. 74
15. डॉ. शैला चौहान– कदम आदिवासी समाज एवं संस्कृति पृष्ठ. 11
16. त्रिभुवन सिंह – हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन्स प्रा0लि0, वाराणसी, संस्करण 1997, पृ० 235
17. नंद दुलारे बाजपेयी – आधुनिक साहित्य, पृ. 445
18. त्रिभुवन सिंह – हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन्स प्रा.लि., वाराणसी, संस्करण 1997, पृ. 303–04
19. द्वारका प्रसाद मीतल – हिन्दी साहित्य के बाद पृ. 230
20. नगेन्द्र – विचार और विवेचन, पृ. 97
21. नगेन्द्र – साहित्य कोश (मानविकी खण्ड), पृ. 431
22. प्रेमचन्द – साहित्य का उद्देश्य, पृ. 142
23. प्रो. रामचन्द्र माली – श्रीकांत वर्मा की कहानियों में यथार्थबोध, पृ. 32
24. बच्चन सिंह – आधुनिक हिन्दी साहित्य का इतिहास, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण 2016, पृ. 194
25. रामचन्द्र वर्मा – मानक हिन्दी कोश, पृ. 435
26. रामदरश मिश्र – हिन्दी उपन्यासः एक अन्तर्यात्राा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
27. शिव कुमार मिश्र– यथार्थवाद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2009, पृ. 27.
28. शिव कुमार मिश्र– यथार्थवाद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2009, पृ. 56
29. हजारी प्रसाद द्विवेदी – विचार और वितर्क पृ. 103
30. शिवकुमार त्रिभुवन सिंह – हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन्स
31. शिवकुमार मिश्र – यथार्थवाद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2009, पृ. 25 11.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2023 GISRRJ | Volume 6 | Issue 2 | ISSN : 2582-0095

रामायण एवं महाभारत में स्त्री अस्तित्व का समीक्षात्मक अध्ययन

अखिलानन्द उपाध्याय

शोध छात्र, डॉ राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय मुफ्तीगंज, जौनपुर,

विश्वविद्यालय–वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उत्तर प्रदेश।

Article Info
Volume 6, Issue 2
Page Number : 41-47

Publication Issue :
March-April-2023

Article History
Accepted : 01 April 2023
Published : 10 April 2023

